G20

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त संस्थान)

Email address principalgckota@gmail.com

क्रमांक:– 1336

दिनांक:– 19/9/2023

महिला प्रकोष्ठ

कार्यक्रम रिपोर्ट

व्याख्यान कार्यक्रम :– श्री सचिन झा

विषयः–दहेज प्रथा अधिनियम 1986 एवं महिलाओं का संपति में अधिकार

आयुक्तालय के आदेश क्रमांक एफ 4 (102)RDJ(ece)/2023/20 दिनांक 21.06.2023 के तहत् राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के अन्तर्गत सत्र 2023–24 के वार्षिक केलेण्डर के अनुसार राजकीय महाविद्यालय, कोटा के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सितंबर माह की गतिविधि दिनांक 18.09.2023 को आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने की। मुख्यवक्ता एडवोकेट, इंजीनियर एवं लेखक श्री सचिन झा रहे। महिला प्रकोष्ट संयोजक प्रो. सुमन शर्मा ने महिलाओं की दहेज प्रथा, बाल विवाह, यौन उत्पीड़न, जैसी गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। तथा छात्राओं को सजग रहने के लिए सचेत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि आप समय–समय पर महाविद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दे। और समाज में होने वाले महिला अत्याचारों के प्रति जागरूकता फेलायें।

मुख्यवक्ता श्री सचिन झा ने सम्पति के अधिकर संबंधी कानून पर प्रकाश डालां। पिता की सम्पति पर पुत्री का आजन्म अधिकार अधिनियम के बारें में बताया। दहेज एक्ट के नियम, उदेश्य तथा दहेज संबंधी कानूनों की विरृत जानकारी दी। इस कानून को शिल्पी कालरा VS कमलेश कालारा के सुप्रीम कोर्ट के फेसलों द्वारा समझाया। रूपाली देवी VS स्टेट यू.पी. के केस अपने होमटाउन से करने के बारें में बताया। सेक्शन 8 ए दहेज प्रथा कानून, सेक्शन 4908ए घरेलू हिंसा कानून के बारें में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों से वार्तालाप कर उनके प्रश्नों का निराकरण किया और महिलाओं के सम्पति के अधिकार के दुरूपयोग को बताया। कार्यक्रम का कवरेज राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर, एवं चम्बल संदेश न्यूज पेपर में प्रकाशित हुआ।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. वन्दना शर्मा ने किया। परिचर्चा में विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों की कुल संख्या 78 रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो.अंजू कपूर, प्रो. हेमलता गुप्ता, प्रो. लोनी लोकवानी, प्रो. सुनीता भार्गव , प्रो. सीमा अग्रवाला, प्रो. मीरा भटनागर, प्रो. सविता गुप्ता, प्रो. नीरजा श्रीवास्तव, प्रो. अजरा अख्तर, प्रो. सुलेखा जोशी, प्रो. कविता शर्मा, उपस्थित रहे। अंत में प्रो. रीना कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्राचार्य

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय, कोटा